## संक्षिप्त

### श्रीराम महायज्ञ शुरु

**मालपुरा** (निस) श्रीराम सेवा समिति के तत्वाधान मे शहर के बस स्टेण्ड के बाहर ब्रह्मालीन संत लक्ष्मणदास बाबा की बगीची में आयोजित श्रीराम महायज्ञ का शुभारम्भ सोमवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ। नवीन मंडी केदारनाथ मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा मे संत रामश्रय दास महाराज को हाथी पर बैठा संत रामशरण दास महाराज को घौडे पर बैठाया गया। श्रीराम महायज्ञ के प्रधान यज्ञमान बने रामसिंह राठोड निवासी लाम्बाखुर्द व प्रधान कलश के लाभार्थी बने गजराज देवी सीताराम डालमियां व प्रधान ध्वज के लाभार्थी बने महावीर प्रसाद बैरवा तथा शिखर कलश के लाभार्थी सोनू साहू ने यज्ञशाला मे विशेष पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवल्लित करते हुए यज्ञ मे आहुतियों का सौभाग्य प्राप्त किया। मार्ग मे जगह-जगह सैंकडो की संख्या मे शहरवासियों ने पुष्पवर्षा ने जोरदार स्वागत किया।

### फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**मालपुरा** (निस) पचेवर व मालपुरा थाना पुलिस ने अपहरण व दुष्कर्म के मामले मे फरार आरोपी संदीप बोहरा पुत्र राजेश निवासी मैहरू को डिटेन कर प्रशिक्षु आरपीएस रवि शर्मा ने मैहरू से किया गिरफतार। वही पचेवर थाना पुलिस ने 16 मई को परिवादी की और से दी रिपोर्ट तथा परिवादी की बहिन का अपहरण कर ले जाने के दर्ज मामले मे कार्यवाही करते हुए अपर्हता को अहमदाबाद से दस्तेयाब किया गया एवं आरोपी राकेश पुत्र लालाराम निवासी सुरसागर अम्बापुरा को दूदू से गिरफ्तार किया गया।

### अर्जन देव जी का शहीदी दिवस आज

**श्रीमाधोपुर।** गुरुद्वारा सिंह सभा मंगलवार को 5 वे गुरु अर्जुन देव जी की महाराज के शहीदी दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गुरुद्वारा सिंह सभा श्रीमाधोपुर के सरदार अर्जुन सिंह ने बताया कि इस अवसर पर प्रात: 6 बजे से श्री गुरु ठांथ साहिब व श्री जपजी साहिब पाठ ,7 बजे से श्री सुखमणि साहिब पाठ, 8:15 बजे से चाय नाश्ते का लंगर, 8:30 बजे से आशा दी बार व शब्द कीर्तन दरबार तथा प्रात: 9:30 बजे से अरदास तथा प्रात: 10 से सायंकाल 5 बजे तक स्थानीय बस स्टैंड पर ठंडा शरबत पिलाया जाएगा।

# पेयजल समस्या समाधान की मांग



सुजलाम संस्थान श्रीमाधोपुर के संयोजक डॉ. योगेश यादव के नेतृत्व में पानी समस्या को लेकर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिहं शेखावत को ज्ञापन सौंपा।

**श्रीमाधोपुर।** सुजलाम संस्थान श्रीमाधोपुर के संयोजक डॉ. योगेश यादव, डॉ. कविता यादव एवं सामाजिक कार्यकर्ता विवेकानंद शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को जयपुर में ज्ञापन सौंपा गया।

श्रीमाधोपुर अंचल की पेयजल व सिंचाई समस्या के समाधान के लिए

- पानी की समस्या निबटाने के लिए ज्ञापन दिया

हजारों लोगों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में केन्द्र सरकार से सहयोग की मांग की गई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि इन दिनों श्रीमाधोपुर क्षेत्र में अधिकांश परिवारो को दो हजार रुपए से अधिक का पानी खरीदकर पीना पडता है, क्षेत्र की जनता ने अब से पूर्व स्थानीय प्रशासन व मानवाधिकार आयोग ,न्यायालय तक गुहार लगा चुकी है।

गौरतलब है कि सुजलाम संस्थान की ओर से क्षेत्र में 9 दिवसीय जल यात्रा का आयोजन पिछले महीने किया गया था। इस यात्रा में 50 गांवो में यात्रा निकाली गई थी। यात्रा ने गांव-गांव में जल संरक्षण व नहर के मुद्दे को लेकर लोगों से चर्चा की। यात्रा से जुड़े पर्यावरणविद विवेकानंद शर्मा ने बताया कि यात्रा के द्वारा प्रमुख गांवो में जल संरक्षण के प्रकल्प खडे किए जाएंगे। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जल यात्रा के उद्देश्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि जल संसाधनो के संरक्षण व संवर्धन के लिए जनचेतना आवश्यक है। यह जानकारी देते हुऐ जल यात्रा को श्रीमाधोपुर समन्वयक दिलीप सिंह शेखावत ने बताया श्रीमाधोपुर क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर हैं। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में जल यात्रा के श्रीमाधोपुर अजीतगढ समन्वयक दिनेश शर्मा, राकेश यादव रतनपुरा, पंकज शर्मा हांसपुर, पुरुषोत्तम शर्मा कंचनपुर, सरपंच महेंद्र कुमार नांगलभीम, युवा सामाजिक कार्यकर्ता हरीश जीनगर, महेश शर्मा ढाणी वाले,राम किशोर सैनी, हेमंत सोनी, मुकेश शर्मा, ब्रजेन्द्र शर्मा नायन का जोशी, राजेन्द्र सिंह तंवर गांवडी, पवन शर्मा एडवोकेट जितेंद्र सिंह झाडली, मोहन लाल चेजारा, दयाशंकर जीनगर, शुभम शर्मा, अजय मिश्रा, उमा शंकर ठठेरा, सूरजमल यादव फौजी , भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष उर्मिला चौरसिया सहित हजारों नागरिकों ने हस्ताक्षर किए है। बताया गया है कि जल शक्ति मंत्री शेखावत ने श्रीमाधोपुर विधान सभा एरिया के लिए जल संकट के शिघ्र एवं समुचित समाधान के लिए आश्ववत किया है।

दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि श्रीमाधोपुर विधान सभा क्षेत्र में सुजलाम संस्थान द्वारा जल संकट के समाधान एवं नहर लाने की मांग को लेकर आगामी 31 जुलाई तक के लिए पोस्ट कार्ड लिखने का महा अभियान चलाया जा रहा है जिसकी श्रीमाधोपुर नगर में कार्य योजना के लिए अति शिघ्र कार्यकर्ताओ की मीटिंग रखी जायेगी।

## सिंगापुर में व्याख्यान देंगे हिरोनी

**टोंक।** 27 से 31 मई तक सिंगापुर में आयोजित होने वाले एशियन एक्सीलेंस अवाड्स कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों पर सैंट जोसेफ शिक्षा समिति के निदेशक गोरधन हिरोनी व्याख्यान देने सिंगापुर जाएंगे । उक्त कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति के साथ साथ स्कूली शिक्षा में तकनीकी प्रयोग को लेकर एशिया भर से शिक्षाविद अपने अपने विचार रखेंगे । कार्यक्रम में उत्कृष्ट शैक्षिणक संस्थानों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

सैंट जोसेफ के निदेशक गोरधन हिरोनी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि इस आयोजन में नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियांवती को लेकर विचारों का आदान प्रदान होगा । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूनान के शिक्षा मंत्रालय की चीफ इंस्ट्रक्टर डॉ. रनिया लैंपों होंगी । मुख्य वक्ता के रूप में एलेन कैरियर इंस्टीट्ययूट कोटा के प्रबंध निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी जेएलएन शिक्षा समूह के निदेशक डॉ. आजम खान के अलावा दुबई, ओमान, कतर, बांग्लादेश, साउथ कोरिया तथा अन्य एशियाई देशों से कुल 200 प्रतिनिधि शामिल होंगे । हिरोनी ने बताया कि इस चार दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षिणक गतिविधियों के अलावा सिंगापुर के स्कूलों तथा कॉलेजों का भ्रमण भी शामिल है। हिरोनी 27 मई को सुबह दिल्ली से सिंगापुर के लिए रवाना होंगे ।

## सार-समाचार

### जेवरात व नकदी चोरी

**निवाई ।** नोहरा की ढाणी जगसरा में एक मकान की सीमेंट की जॉली तोडकर अज्ञात चोर नकदी व जेवरात चुरा ले गए। दत्तवास थानाधिकारी घासीलाल ने बताया कि सोमवार को जगदीशचंद्र मीणा पुत्र चन्द्रा मीणा निवासी नोहरा की ढाणी जगसरा दत्तवास ने चोरी की एफआईर दर्ज करवाई कि बीती रात को वह अपने घर में सो रहे था। अज्ञात चोर मकान के पीछे से दीवार से लगी सीमेंट की जाली को तोडकर अंदर घुस गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड दिया। तथा कपडों को बाहर गिरा दिया। चोरों को कपडों के नीचे रखी अलमारी में लॉकर की चाबियां मिल गई। चोरों ने लॉकर खोलकर 49 हजार रुपये, सोने के टॉप्स, दो जंतर, दो चांदी की कनकती, दो जोडी पायजेब सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। जिससे करीब ढाई लाख रुपए का नुकसान हो गया है। पीडित ने पुलिस को बताया कि सोमवार की सुबह छह बजे उठने के बाद कमरे में गया तो। वहां अलमारी खुली थी तथा कपडे बिखरे हुए थे और कमरे की सीमेंट की जाली टूटी हुई थी। मौके पर ग्रामीणों की भीड जमा हो गईऔर ठाामीणों ने चोरी होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर दत्तवास थानाधिकारी नोहरा की ढाणी जगसरा पहुंचे। थानाधिकारी ने मौका नक्शा देखकर एमओबी टीम टोंक को बुलवाया। टीम ने मौके से विभिन्न प्रकार के साक्ष्य जुटाएं। उन्होंने बताया कि चोरी के बाद पुलिस की एक टीम गठित कर दी। टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे और चोरों की तलाश में जुट गई।

### कौशल विकास शिविर का शुभारंभ

**श्रीमाधोपुर।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला सीकर के तत्वावधान में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंठोजी माध्यम में सोमवार को ठाीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर का शुभारंभ हुआ । शिविर संचालक गोकुल जांगिड ने बताया कि शिविर में 71 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं। शिविर में सर्वप्रथम सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। योग शिक्षक सतवीर सिंह सामोता द्वारा योग करवाए गए। मनीष शर्मा ने बताया कि इस शिविर में मेहंदी, नृत्य ,ब्यूटीशियन स्पोकन, इंग्लिश कंप्यूटर, विज्ञान विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है यह प्रशिक्षण 25 जून तक अनवरत चलेगा ।शिविर में प्रकाश पाराशर द्वारा स्पोकन इंग्लिश, देशराज द्वारा कंप्यूटर विज्ञान, मेहंदी का ममता शर्मा, ब्यूटीशियन का सोनिया शर्मा, नृत्य सरोज काजला, पेंटिंग का संदीप शर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### पोस्टर का किया विमोचन

**निवाई।** जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में 4 जून को आयोजित होने वाले माली समाज के महासंगम को लेकर मायला बाग स्थित श्रीसत्यनारायण मंदिर परिसर में सैनी समाज के तहसील अध्यक्ष रामअवतार सैनी के नेतृत्व में युवाओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसील अध्यक्ष रामवतार ने निवाई तहसील के गांवों व ढाणियों में माली समाज के लोगों को जयपुर महासंगम में निमंत्रण देने हेतु युवाओं को अहम जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने बताया कि माली समाज के महासंगम में निवाई उपखंड क्षेत्र से 5 हजार समाज बंधुओं को पहुंचने का लक्ष्य तय किया। तहसील अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार से महात्मा ज्योतिबा राव फूले को भारत रत्न से नवाजने की मांग की जाएगी। माली समाज की 11 सूत्रीय मांगों के लिए समाज का प्रत्येक युवा महासंगम में पहुंचकर केंद्र में राज्य सरकार से अपनी मांगों को मनवाने के लिए शक्ति प्रदर्शन करेगा। जयपुर में आयोजित महासंगम में पहुंचने के लिए कमेटियां गठित कर उपखंड क्षेत्र में पीले चावल देकर आमंत्रित करने के लिए युवाओं को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में गरीब असहाय परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए समाज का ट्रस्ट बनाकर उनकी आर्थिक मदद करने का निर्णय भी लिया गया। इस दौरान माली समाज के युवाओं ने महासंगम के पोस्टर का विमोचन किया। बैठक में गणेशराम गंगाडा, रामअवतार अजमेरा, प्रेम गंगाडा, घनश्याम सैनी, मनोज सैनी, शंकरलाल सांखला, किशनलाल, जगदीश मुंशी, रवि तंवर, राजेश जोगला, रवि सैनी, रवि नागरा, कालू गंगाडा, कालू तंवर, राजेश कनेसर, सीताराम कटारा, कन्हैयालाल नेताजी, गजानंद सैनी, रमेश मेंबर खेजड़ी, सागर सैनी, चंदन सैनी, चिरंजी गंगाडा, दीपक गंगाडा सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### समिति की बैठक आयोजित

**फुलेरा।** कस्बे के पुराना फुलेरा स्थित प्राचीन ठाकुर जी महाराज मन्दिर परिसर में रविवार को सायं 8:15 बजे समिति की एक बैठक अध्यक्ष नटवर लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। गौरतलब है कि उक्त बैठक श्री ठाकुर जी महाराज सेवा समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष 23 जून को आयोजित किये जाने वाले पाटोत्सव की विभिन्न तैयारियां को लेकर की गई। समिति के यादराम जोशी ने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही आगे बताया कि इस वर्ष भी कार्यक्रम के दौरान यजमानों द्वारा पण्डित शिवनारायण शर्मा के सानिध्य में हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित कर पंगत प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नटवर लाल शर्मा, यादराम जोशी, शिवनारायण शर्मा, मोहन लाल माटोलिया, पवन, श्री किशन जांगिड़, महेश जांगिड़, रामपाल कुमावत, सत्यनारायण जांगिड़, गणेश जोशी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने की सफाई

**निवाई ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरोनी में सोमवार को सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी मुकेश गुर्जर ने बताया कि ठाीष्मकालीन अवकाश में आयोजित समाज सेवा शिविर में 11 वीं कक्षा पास किए हुए विद्यार्थियों ने सेवा कार्य किया है। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने सार्वजनिक स्थल बालाजी मंदिर, तालाब के पास सहित अनेक स्थानों पर साफ -सफाई का कार्य किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने पेड़ पौधों को पानी पिलाकर और सफाई की। इस दौरान बालाजी मंदिर मंहत रामप्रिय महाराज ने विद्यार्थियों को समाज सेवा हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के माध्यम से हम हमारे गांव को स्वच्छ रख सकते हैं।

### महाराणा प्रताप जंयती मनाई

**दूदू ।** कस्बे की पुलिया नीचे महाराणा प्रताप जंयती के अवसर पर युवाओं ने कार्यक्रम कर महाराणा प्रताप को याद किया । इस अवसर पर महेश दायमा, भानुप्रताप सिहं , हर्षित साहू , मुकेश धोबी, प्रिंस सैनी, राजवीर दाधीच , हनुमान प्रजापत सहित युवाओं ने महाराणा प्रताप के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित किएं।

# विश्व शांति महायज्ञ का भव्य समापन

**सांभरझील ( नि.स. )** गुढा स्थित प्राचीन पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा और विश्व शांति महायज्ञ कार्यक्रम का समापन वेदी शुद्धि वात्सल्य रत्नाकर आचार्य विमलसागर महाराज के पट्ट शिष्य मर्यादा शिष्योंतम भरतसागर की सुशिष्या बालयोगिनी गुरू मां नंदीश्वरमति ससंघ के सानिध्य में भव्य धुमधाम से किया गया।

धर्मसभा में गुरू मां ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में जितना भौतिकवाद बढ़ रहा है उतने ही नैतिक एवं धार्मिक संस्कार शिथिल हो रहे हैं। भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए धार्मिक संस्कारों को जागरूक करना होगा। जिन्दगी को अच्छा-बुरा बनाने के लिए मनुष्य स्वयं जिम्मेदार होता है। उसे सद्कर्मों पर विश्वास रखते हुए स्व-पर का कल्याण करने की भावना रख धर्मनिष्ठ जीवन जीते हुए इसे जीवन का आदर्श बनाना चाहिए। स्व-पर का कल्याण करने की भावना रखने वाला व्यक्ति ही धर्मात्मा कहलाता है। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने देश में बढ़ रही रिश्वतखोरी को बुरी आदत बताते हुए इसका त्याग करने की बात पर जोर दिया। तीसरे दिन सोमवार को प्रात:कालीन अभिषेक के बाद शांतिधारा की बोली लगाई गई। जिसमें जैन समाज के लोगो ने बढ चढकर भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नित्य पूजन और हवन के पश्चात गुरू मां की संगीतमय पूजा हुई। जिसमें इंद्रो को अर्घ्य चढाने का अवसर प्राप्त हुआ। तथा पादप्रक्षालन वेदी में विराजमान श्रीजी की भी बोली लगी। कुल तीन वेदीयो में चोदह यंत्रजी विराजमान हुए जिसमें नम्बर एक में पार्श्वनाथ धवल पाषाण मूलनायक, आदिनाथ, अष्ट धातु से निर्मित चंद्र प्रभू , पार्श्वनाथ, नेमीनाथ भगवान। मुलनायक भगवान को विराजमान के लिए पूणर्याजक परिवार के दो सदस्यों और शेष के लिए एक सदस्य को अवसर मिला। सुहागिन महिलाए भी त्रयछत्र, बाहर छत्र व बांदरवार लगाने के लिए अलग-अलग बोली लगाई।

# महाराणा प्रताप के नारों से गूंजा शहर



देवली में सर्व हिंदू समाज के तत्वाधान में महाराणा प्रताप जयंती मनाई।

**देवली** (नि.स.) यहां सर्व हिंदू समाज के तत्वाधान में महाराणा प्रताप की 483 वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। राजपूत सभा इकाई देवली के महामंत्री रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि। शोभा यात्रा का शुभारंभ महाराणा प्रताप का चित्र सुसज्जित दो घोड़े वाले रथ में विराजमान कर सर्वप्रथम मंत्रोचार द्वारा पूजन अर्चना के साथ हुआ । शोभायात्रा शहर के पेट्रोल पंप चौराहे स्थित महाराणा प्रताप सर्किल से शुरू होकर एजेंसी एरिया से परशुराम सर्किल होते हुए एसबीआई चौराहे से छतरी चौराहे होते हुए जगदीश धाम से कीर मोहल्ला, अंबेडकर सर्किल से ममता सर्किल होते हुए सीआईएसफ गेट के सामने से एसडीएम आवास होते हुए पेट्रोल चौराहे से होते हुए आदर्श विद्या मंदिर में जाकर विसर्जित हुई। शोभायात्रा में शामिल युवक ओजस्वी वाणी में जय महाराणा प्रताप एवंकी, जय शिवा सरदार की, जय श्री राम के नारों से आकाश को गुंजायमान करते हुए नाचते झुमते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर विहिप के प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण गोपाल शर्मा बताया किशहर की कई संस्थानों एवं शहरवासियों ने महाराणा प्रताप की शोभा यात्रा का भव्य स्वागत कर यात्रा में शामिल व्यक्तियों को जलपान एवं नाश्ते वितरण किए ।

महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प वर्षा कर रैली में शामिल लोगों की हौसला अफजाई की। शोभा यात्रा के समापन अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर में राजपूत समाज देवली द्वारा महा प्रसादी का आयोजन किया गया। इस दौरान राजपूत सभा इकाई देवली के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सांडला, कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह शक्तावत, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री जसवंत सिंह चौहान, प्रखंड मंत्री विशाल राव, बजरंग दल संयोजक कमल राणावत, विजेंद्र सिंह डाबर, हनुवंत सिंह, संदीप राजोरा, सांवरा गुर्जर सहित शहर के कई संगठनों के पदाधिकारी एवं हिंदू समाज के नवयुवक शामिल रहे।

# बसपा विधायक व राज्यमंत्री अवाना से कांग्रेस संगठन ने बनाई दूरियां

**मालपुरा** (निस) प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने राज्यमंत्री व देवनारायण बोर्ड के चैयरमेन एवं बसपा विधायक जोगेन्द्र सिंह अवाना सोमवार को एक दिवसीय मालपुरा दौरे पर रहै। लेकिन शहर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अवाना से दूरियां बनाई रखी जो कि राजनैतिक गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है। एक पखवाडे मे मालपुरा में दोबार पहुंचे।

अवाना का कांग्रेस संगठन पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने स्वागत करना तो दूर मिलना तक मुनासिब नही समझा। सत्ता मद में चूर कांग्रेस सरकार के राज्यमंत्री व देवनारायण बोर्ड के चैयरमेन के मालपुरा आने का कार्यक्रम दो दिन पूर्व ही सार्वजनिक होने के बावजूद संगठन की ओर से मिलने व स्वागत करने के बजाय दूरियां बनाई रखी। तकरीबन चार घंटे मालपुरा शहर व क्षेत्र में रहते हुए शोक सभाओं मे शिरकत कर डाक बंगले मे कार्यकर्ताओ से मिलने का कार्यक्रम पूर्व में ही निर्धारित होने के बावजूद ना तो कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष और ना ही शहर कांग्रेस अध्यक्ष व सेवादल पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अवाना के मालपुरा दौरे से पूर्ण अनभिज्ञता जत्ता दूरियां बनाई रखी। जो कि क्षेत्र मे दिन-प्रतिदिन जनाधार खो रही कांग्रेस की जमीनी हकीकत को बयां करती है। 28 अप्रेल को मालपुरा दौरे पर रहै अवाना ने मालपुरा को जिला बनाने की मांग का समर्थन कर जिला बनने से वंचित है।

मालपुरा के समर्थन मे मुख्यमंत्री से मिल मालपुरा को जिला बनाने की मांग कर एक प्रतिनिधि मंडल से मुख्यमंत्री की वार्ता सात दिवस मे करवाने का ऐलान कर क्षैत्रवासियो को विश्वास दिलाया था लेकिन 25 दिनो के बाद भी ना तो मुख्यमंत्री से मिलने व चर्चा के लिए मालपुरा के प्रतिनिधि मंडल को सीएम से समय दिलाने का वादा नही निभाया। सोमवार को मालपुरा पहुंचे अवाना ने एक बार फिर जनआंदोलन कार्यो का समर्थन कर मुख्यमंत्री से वार्ता का समय दिलाने की घौषणा की है। एक पखवाडे मे दो बार मालपुरा पहुंचने के बावजूद कांग्रेस समर्थक बसपा विधायक व राज्यमंत्री से कांग्रेसजनो की रही दूरियां।

संगठन के लिए होगी घातक साबित। ब्लॉक अध्यक्ष रामदेव बैरवा व शहर कांग्रेस अध्यक्ष इस्हाक नकवी,दोनो ही पदाधिकारियो का कहना है कि अवाना के मालपुरा दौरे को लेकर पीसीसी से उन्हे कोई सुचना नही दी गई है। बीते 30० साल से मालपुरा विधानसभा से कांग्रेस को मिल रही करारी हार के बावजूद प्रदेश व जिला स्तरीय कांग्रेस नेताओं द्वारा मालपुरा कांग्रेस संगठन व कार्यकर्ताओ की सुध नही लेने के चलते कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद भी कोप भवन में बैठे है ।

## मूलभुत सुविधाओं का अभाव

**दूदू।** उपखंण्ड मुख्यालय दूदू स्थित नरेना रोड पर करीब 30 वर्षो पूर्व स्वीकृत ओद्योगिक क्षेत्र आज भी मूलभुत सुविधाओं के अभाव में अविकसीत पडा है। सरकार द्वारा इस औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत लाइनो के लगे खंबे भी धराशायी हो गये वही एक भी लाइट नही जलती है यहां बने विभाग के कार्यालय का भवन जर्जर हो गया और चारो तरफ की दीवारे क्षतिग्रस्त हो जाने पर वीरान पडा है । विभाग के कोई अधिकारी यहा कार्यरत नही है इस अभाव में कोई देखरेख आर विकास नही हो पा रहा है इलता ही नही यहा जो क्षेत्र के अधीन गार्डन की जगह चिन्हित है वहां पेड पोधो की जगह बिलायती बबूल खडे है। क्षेत्र का विकास नही होने व मूलभुत सुविधाओं के अभाव में व्यवसायी उघोग लगाने से कतराते है। मात्र पश आहार पैकेजिगं की तीन चार फैक्ट्रीया ही चालु है। व्यवसायी वर्ग ने बताया कि उच्च अधिकारीयों उद्योग विभाग को कई बार समस्याओं से अवगत कराया गया।

# 1.41 लाख के नकली नोट पकड़े

**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय की सीआईडी सीबी ने आज एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.41 लाख रुपए के नकली नोटों के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने यह कार्रवाई रायसर थाना इलाके में मनोहरपुरा दौसा हाईवे पर की। यहां पर मनोहरपुरा टोडी गांव निवासी राहुल गुर्जर को गिरफ्तार किया। इसके पास से पुलिस ने 1.41 लाख रुपए के नकली नोट जब्त किये ये सभी नकली नोट 200 रुपए के थे।

डीआईजी क्राइम राहुल प्रकाश ने बताया कि मुखबिर से जानकारी मिली थी की एक युवक इलाके में नकली नोट का काम करता हैं। टीम को आज जानकारी मिली थी की आरोपी राहुल गुर्जर आज बड़ी डिलीवरी करने के लिए जाएगी। इस पर पुलिस मुख्यालय के एडिशनल एसपी नरोत्तम वर्मा को यह ऑपरेशन करने के निर्देश दिए गए। नरोत्तम वर्मा की टीम ने मनोहरपुरा दौसा हाईवे पर आरोपी राहुल गुर्जर का पीछा करना शुरू किया। हाईवे पर राहुल ने जब यह फर्जी नोट एक व्यक्ति को देने वाला था पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे रंगे हाथों पकड़ा। जांच के दौरान आरोपी राहुल गुर्जर ने बताया कि वह नोट शशिभान नाम के व्यक्ति से लेकर आया था। इस पर सीआईडी सीबी ने रायसल थाना पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने राहुल गुर्जर को गिरफ्तार कर एफआईआर दर्ज कर ली हैं।

सीआईडी सीबी में तैनात एडिशनल एसपी नरोत्तम वर्मा ने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि इन फर्जी नोटों की डिमांड मार्केट में काफी हैं। फर्जी नोट बेचने का तरीका यह है कि जितने फर्जी नोट चाहिए उसकी कीमत के आधे असली नोट देने होंगे। आज हुई डीलिंग 1 लाख 41 हजार रुपए आरोपी लेकर आया।

## भूमि पूजन कर धर्मध्वजा लगाई

**बहरोड़/ नीमराना।** सोमवार को बहरोड़ से अलवर स्टेट हाईवे के नजदीकी हरसोरा थाना क्षेत्र की अरावली की पहाड़ियों के बीच सुरम्य वातावरण में श्री बालाजी मंदिर के प्रांगण में श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज के आशीर्वाद के लिए श्याम दास त्यागी महाराज के सानिध्य में डी जे से धर्म ध्वजा की शोभायात्रा झांकी निकालने के बाद मंदिर पर पहुंचकर याज्ञिक मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना करते हुए 11 कुंडीय श्री राम हनुमत महायज्ञ के लिए भूमि पूजन कर धर्म ध्वजा लगाई गई।

श्रद्धावान पंडित जितेंद्र कुमार शर्मा गौ रक्षक भाजपा नेता बानसूर द्वारा भगवत श्री राम भक्त हनुमत कृपा की श्रद्धा के चलते सेवक पंडित शुभम शास्त्री ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष कोलाहेडा नारायणपुर एवं बाबूलाल शर्मा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष हरसोरा तथा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पप्पू शर्मा उर्फ पुरुषोत्तम शर्मा निवासी सोडावास तहसील मुंडावर द्वारा धर्म ध्वजा की शोभायात्रा निकाली गई।

इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने मंदिर पर पूजा अर्चना की।

# प्रजापति समाज के महाकुम्भ की तैयारियां

**फुलेरा ।** कस्बे के श्रीरामनगर स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार सायं 8 बजे प्रजापति/कुम्हार समाज की एक आवश्यक सामूहिक बैठक एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें आगामी 28 मई को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम पर आयोजित होने वाले प्रजापति/कुम्हार समाज के महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। इस दौरान समाज के सभी लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

साथ महाकुम्भ में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया गया। साथ ही सर्वसहमति से क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग कमेटियां बनाई गई जिसमें फुलेरा से नन्दकिशोर खटोड़, दामोदर प्रजापति, कैलाश प्रजापति, यादराम प्रजापति, पीपली का बास से विनोद मारवाल, भंवर लाल प्रजापति, जैतपुरा से प्रभुदयाल प्रजापति, ताल की ढाणी से कल्याण

- महाकुम्भ में अधिकाधिक के पहुंचने का आग्रह
- प्रकृति आपदाओं से होने वाले नुकसान का मुआवजा दिलवाए

मल प्रजापति, मोहन लाल प्रजापति, रामधन प्रजापति काचरोदा से मदन लाल होदकास्या तेजा का बास से चिरंजी लाल दंबीवाल, रामपाल सिहोटा सहित अन्य कई लोगों को अधिक से अधिक समाज बन्धुओं को महाकुम्भ में व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी गई।

विचार गोष्ठी में चर्चा के दौरान बताया कि उक्त महाकुम्भ में समाज के द्वारा समाजोत्थान के लिए सरकार से मांग की जायेगी कि श्रीयादे बोर्ड का गठन करें, माटी कला बोर्ड से शिल्प कला शब्द को हटाया जाए, कुम्हार/ प्रजापति समाज के धन्धे को प्रकृति आपदाओं से होने वाले नुकसान का मुआवजा दिलवाया जाए, मटका मण्डीयों का निर्माण करवाया जाए, बर्तन बनाने के लिए मिट्टी खनन हेतु भूमि आवंटन करवाई जाए, मिट्टी के बर्तन उद्योग के यंत्रों पर 100 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान करवाया जाए, बर्तन बनाने व पकाने के लिए भूमि 99 वर्ष लीज पर आवंटन का प्रावधान करवाया जाए सहित अन्य कई मांगों को एक ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग की जायेगी। साथ ही उपस्थित सभी लोगों ने फुलेरा क्षेत्र व आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में समाज के लोगों को पहुंचने की अपील और आ ान किया गया।

इस बैठक में पॉन्ड्रिक प्रजापति, कन्हैया लाल प्रजापति, अरविन्द कुम्हार, कल्याण प्रसाद प्रजापति सहित समाज के सैकड़ों लोग लोग उपस्थित रहे।

## महिलाओं से अभद्रत की शिकायत

**टोंक ।** मेहंदवास थाना क्षेत्र के ठााम छान निवासी राजेन्द्र शर्मा ने जिला कलेक्टर के प्रतिनिधी को ज्ञापन सौंपकर गत दिनों उसके घर में जबरन घुसकर महिलाओं से अभद्रता, गाली-गलौच एवं मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाही की मांग की है। पीड़ित राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ 15 मई को शादी समारोह में शामिल होने सांगानेर गये हुये थे, जहां पीछे से उनके गांव छान निवासी मकान पर काफी संख्या में लोग घुस आये एवं वहां मौजूद उनकी व साले की बेटियों से बदसलूकी कर गाली-गलौच की। पीड़िता की बेटी अंतिमा ने बताया कि इस घटना के बाद उसका परिवार पूरी तरह भयभीत है। पीड़ित का आरोप है कि इस मामले में पुलिस थाना मेहन्दवास में नामजद सहित अज्ञात लोगों के विरूद्व रिपोर्ट लिखवाने गये तो उल्टे पुलिस ने विरोधी पक्ष के बजाये हमें ही दबाव में लेने का काम किया गया तथा अभी तक भी आरोपियों को पकड़ा नही गया है।

कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर के प्रतिनिधी को ज्ञापन सौंपकर न्याय दिलाने की मांग की है।

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकली वाहन रैली



चाकसू में महाराणा प्रताप जयंती पर वाहन रैली निकाली।

**चाकसू** (निस) सोमवार को कस्बे में कई संगठनों एवं कार्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महाराणा प्रताप की 483 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। श्री राजपूत करणी सेना के नेतृत्व में सर्व समाज के सहयोग से सुबह 9 बजे से गणेशपुरी बगीची से विधिवत पूजा अर्चना एवं बैंड बाजे के साथ के साथ वाहन रैली रवाना हुई जो कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई महाराणा प्रताप पार्क में पहुंचकर सभा में बदल गई । जहां पर महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पान्जलि दे कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रिय महामन्त्री करनी सेना प्रधुमन सिंह रहे सभा मे बोलते हुऐ विजयदिप सिंह तामडिया ने कहा की महाराणा प्रताप ने कठिन परिस्थिती मे भी हार नही मानी सुरज्ञान सिंह बड़ौदिया ने बताया की महाराणा प्रताप ने देश के खातिर अपना सब कुछ त्याग दिया था वह देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी थे इससे पूर्व रैली का विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों, सामाजिक संगठनों एवं सर्व समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया ।

खटिक चौराहे पर पार्षद विनोद राजोरिया समाजसेवी एवं डॉ मधुसुदन ने पुष्प वर्षा व रैली के लिए पानी की व्यवस्था की।